झुला डरे हैं अमुवा की डाल पे माँ

झुला तो पड़ गए अमुवा की डाल पे माँ,
झुला डरे हैं अमुवा की डाल पे माँ,
झूले मोरी मैया, अमुवा की डाल पे माँ।

काहे को मैया को बनेयो हिंडोरा,
काहे की लागी डोर मोरी मैया,
अमुवा की डाल पे माँ।

चन्दन पाठ को बनो हिंडोरा,
रेशम लागी डोर मोरी मैया,
अमुवा की डाल पे माँ।

कौन झुलावे, कोना झूले
कौन खेंचे डोर मोरी मैया,
अमुवा की डाल पे माँ।

मैया झूले, लंगरे झुलावे
हनुमत खेंचे डोर मोरी मैया,
अमुवा की डाल पे माँ।

पांच भगत माई, तोरे यश गावे,
चले पवन झकजोर मोरी मैया,
अमुवा की डाल पे माँ।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/485/title/jhula-dare-hain-amuva-ki-daal-pe-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |